प्रसार भारती
PRASAR BHARATI
Broadcasting Corporation of India

वार्षिक लेखे
2000-01
Annual Accounts
2000-01

PRASAR BHARATI

द्वितीय तल, पी टी आई भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली 110001
2nd floor, PTI Building, Parliament Street, New Delhi 110001

प्रसार भारती
(भारतीय प्रसारण निगम)
पी0टी0आई0 भवन, दूसरा तल,
संसद मार्ग,
नई दिल्ली-110001

PRASAR BHARATI
(Broadcasting Corporation of India)
P.T.I. Building, 2nd Floor,
Sansad Marg,
New Delhi-110 001

लेखा परीक्षा रिपोर्ट

AUDIT REPORT

2000-01

प्रसार भारती
(भारतीय प्रसारण निगम)
पी0टी0आई0 भवन, दूसरा तल,
संसद मार्ग,
नई दिल्ली-110001

PRASAR BHARATI
(Broadcasting Corporation of India)
P.T.I. Building, 2nd Floor,
Sansad Marg,
New Delhi-110 001

लेखा परीक्षा रिपोर्ट एवं अन्तिम लेखा

AUDIT REPORT & FINAL ACCOUNTS

2001-02

लेखा परीक्षा की गई

कार्यालय महानिदेशक लेखा परीक्षा
केन्द्रीय राजस्व,
इन्द्र प्रस्थ इस्टेट
नई दिल्ली-110002

ACCOUNTS AUDITED BY

DIRECTOR GENERAL OF AUDIT
CENTRAL REVENUE
INDRAPRASTHA ESTATE
NEW DELHI-110001

कार्यालय महानिदेशक लेखा परीक्षा, केन्द्रीय राजस्व
OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL OF AUDIT, CENTRAL REVENUES

इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, नई दिल्ली - 110 002
INDRAPRASTHA ESTATE, NEW DELHI - 110 002

क्रमांक / No.ए.एम.जी.II/एस.ए.आर./पी.बी./2004-05/ दिनांक / DATED .....

सेवा में,

सचिव, भारत सरकार
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,
ए, विंग, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली।

विषयः वर्ष 2000-01 के लिए प्रसार भारती, नई दिल्ली पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

महोदय,

मैं प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम), नई दिल्ली के वर्ष 2000-01 के प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति उसके प्रतिवेदन तथा लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र की हिन्दी प्रति सहित संसद के पटल पर रखने के लिए संलग्न करती हूँ।

संसद को प्रस्तुत दस्तावेजों की दो प्रतियाँ, उस तिथि को दर्शाते हुए जब ये संसद को प्रस्तुत किए गए थे, इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के कार्यालय को भेजी जाए।

कृपया पावती भेजें।

संलग्नकः यथोपरि

भवदीया,

निदेशक (ए.एम.जी.II)

दूरभाष : 23454100, फैक्स : 011-23702271 नई दिल्ली • Telephone : 23454100, Fax : 011-23702271 New Delhi

16 MAY 2005

सं.ए.एम.जी.।।/एस.ए.आर./पी.बी./2004-05/ 255 दिनांकः 13.05.05

प्रति, प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति, उसके लेखापरीक्षा प्रतिवेदन तथा लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र की हिन्दी प्रति सहित श्री एन समाती, लेखा नियंत्रक एवं महाप्रबंधक, प्रसार भारतीय (भारतीय प्रसारण निगम) पी.टी.आई. बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110 001 को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित की जाती है। प्रमाणित वार्षिक लेखे के हिन्दी की पाँच प्रतियाँ शीघ्रातिशीघ्र इस कार्यालय को भेजी जाएँ।

संसद को प्रस्तुत दस्तावेजों की दो प्रतियां, उस तिथि को दर्शाते हुए जब वे संसद को प्रस्तुत किए गए थे, इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के कार्यालय को भेजी जाएं।

निदेशक (ए.एम.जी.।।)

ए.एम.जी.।।/एस.ए.आर./पी.बी./2004-05/ दिनांकः 16 MAY 2005

प्रति, प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति, उसके लेखापरीक्षा प्रतिदेन तथा लेखापरीक्षा प्रमाण-पत्र की हिन्दी प्रति सहित श्री बी.के.सेठी, वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी (रिपोर्ट-ए बी) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110 002 को अग्रेषित की जाती है।

यह पत्र म.नि.ले.प.के.रा. के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

निदेशक (ए.एम.जी.।।)

वर्ष 2000-01 के लिए प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) नई दिल्ली के लेखाओं पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन

प्रस्तावना

प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम), भारत के राजपत्र संख्या 643 दिनांक 23.11.1997 में अधिसूचित संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया था। निगम के मुख्य उद्देश्य है:-

- जनता को सूचना, शिक्षा एवं मनोरंजन हेतु लोक प्रसारण सेवाओं का आयोजन एवं संचालन करना एवं रेडियो और टेलीविजन पर प्रसारण का संतुलित विकास सुनिश्चित करना;
- देश की एकता एवं अखंडता को संभालना और संविधान के मूल्यों को प्रतिस्थापित करना;
- राष्ट्रीय या अन्तर्राष्ट्रीय लोकहित के सभी मामलों पर स्वतन्त्रतापूर्वक, सत्यनिष्ठा तथा निष्पक्ष रूप से नागरिकों के हितों की सुरक्षा करना तथा विरोधी विचारों के विषय में इनकी अपने मत या विचार धारा का समर्थन न करके उनको सम्मिलित करके सूचनाओं के उचित व सन्तुलित प्रवाह को प्रस्तुत करना;
- शिक्षा और साक्षरता फैलाना, कृषि, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेष ध्यान देना;
- खेलकूद और क्रीड़ा को पर्याप्त रूप से आवृत्त करना जिससे कि स्वस्थ मुकाबले और क्रीड़ा-कौशल की भावना को प्रोत्साहित किया जा सके;
- विभिन्न स्तरों पर प्रसारण के अतिरिक्त चैनल स्थापित करके प्रसारण सुविधाओं का विस्तार करना।

प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम), जिसके दो सहयोगी खंड क्रमशः आकाशवाणी और दिल्ली दूरदर्शन हैं, ने 1.4.2000 से अपने कार्य कलाप प्रारम्भ किया है। इन दो खंडों के दिन प्रतिदिन की प्राप्ति एवं भुगतानों के लेन-देन मूलतः लगभग 600 आ.स. कार्यालयों के द्वारा निष्पादित किये जाते हैं। 22.5.2000 को संघ सरकार और प्रसार भारती के बीच शुरू हुए समन्वयन के ज्ञापन के अनुसार प्रसार भारती ने 2000-01 से परिवर्तन करके नई लेखा पद्धति अपनायी। इससे पहले प्रोफार्मा लेखे आकाशवाणी और दिल्ली दूरदर्शन खण्डों द्वारा तैयार किये जाते थे। 2000-01 के लेखे पहली बार पूरे भारतवर्ष में फैली हुई निगम की सभी इकाईयों के लेखों की समेकित स्थिति दर्शाते हैं।

नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्त्तव्य, शक्तियाँ और सेवा शर्तें) अधिनियम 1971, के अनुच्छेद 19 (2) तथा प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम 1997 के अनुच्छेद 21 (3) के अन्तर्गत प्रसार भारती के लेखाओं की लेखापरीक्षा की जाती है।

प्रसार भारती मुख्यतः भारत सरकार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से सहायता अनुदान एवं ऋणों से वित्तपोषित होती है। निगम ने वर्ष 2000-01 के दौरान भारत सरकार से कुल 960.90 करोड़ रू. का अनुदान एवं 139.30 करोड़ रू. का ऋण प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त निगम ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों से 1.41 करोड़ रू. का सहायता अनुदान

प्राप्त किया। निगम ने इस वर्ष के दौरान 620.18 करोड़ रू. की वाणिज्यिक प्राप्तियाँ और 8.04 करोड़ रू. की गैर वाणिज्यिक प्राप्तियाँ सृजित कीं।

लेखाओं पर टिप्पणियाँ

2. तुलन पत्र

2.1 देयताएं

2.1.1 चालू देयताएं और प्रावधान (अनुसूची-7)

(क) चालू देयताएं: निक्षेप निर्माण कार्य के प्रति प्राप्त अग्रिम: 15.03 करोड़ रू.

आहरण एवं संभरण अधिकारियों द्वारा जमा निर्माण कार्य के रूप में प्राप्त राशि में से किये गये भुगतान, प्राप्तियों से अधिक दर्शाये गये थे। परिणामस्वरूप वर्तमान देयताओं में 3.06 करोड़ रू. के ऋणात्मक शेष सम्मिलित थे, जो कि फलस्वरूप उस राशि की देयता कम करके दर्शायी गयी थी। ऋणात्मक शेष का वेतन एवं लेखाअधिकारियों-वार विवरण निम्नलिखित है:-

(रूपये)

पी.ए.ओ. का नाम	आरम्भिक बकाया	प्राप्तियाँ	भुगतान	अन्तिम बकाया
पी.ए.ओ., आकाशवाणी, मुंबई	-	—	5400489	(-) 5400489
पी.ए.ओ., आकाशवाणी, कोलकाता	-	3288501	28449426	(-) 25160925
			कुल	**(-) 30561414**

प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि पी.ए.ओ. आकाशवाणी, मुंबई और पी.ए.ओ., कोलकाता के प्रति ऋणात्मक बकाया, 1.4.2000 से पूर्व प्राप्त जमा सरकारी लेखों में पड़ी होने और प्रसार भारती को आवंटित न किये जाने के कारण थे।

मामला सम्बन्धित पी.ए.ओ. से जमा को सरकारी लेखों से प्रसार भारती लेखे में अन्तरित करने के लिए आगे बढ़ाया जा रहा था ।

(ख) चालू देयताएं - जमा, बयाना राशि, जमानती राशि/सुरक्षा जमा 96.20 लाख रू.

उपरोक्त देयता 1.15 करोड़ रू. तक कम दर्शायी गई थी क्योंकि इसमें निम्नलिखित पी.ए.ओ. से सम्बन्धित ऋणात्मक शेष सम्मिलित थे:-

(रूपये)

पी.ए.ओ. का नाम	आरम्भिक बकाया	प्राप्तियाँ	भुगतान	अन्तिम बकाया
पी.ए.ओ., आकाशवाणी, चेन्नई	-	7030061	11088063	(-) 4058002
पी.ए.ओ., दिल्ली दूरदर्शन, चेन्नई	-	-	3915720	(-) 3915720
पी.ए.ओ., आकाशवाणी, कोलकाता	-	-	3539050	(-) 3539050
			शेष	**(-)11512772**

प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि पी.ए.ओ. के प्रति ऋणात्मक इस कारण से हो सकती है कि सरकारी खाते में पड़ी हुई स.ज./ब.रा. वापस नहीं की गई है। इस विषय पर सम्बन्धित

पी.ए.ओ. से सरकारी लेखे से प्रसार भारती लेखे में जमा के अन्तरण हेतु मामला आगे बढाया जा रहा है।

(ग) **अन्य चालू देयताएं - भुगतान योग्य वेतन एवं मजदूरी, उपर्जित खर्चे, भुगतान योग्य लाइसेंस शुल्क, भुगतान योग्य पूंजीगत व्यय इत्यादिः 17 करोड़ रू.**

उपरोक्त में निम्नलिखित शामिल हैः-

(i) आयकर विभाग में जमा कराने हेतु स्टेशन निदेशकों से आयकर के रूप में वसूल किये गये 72.86 लाख रू. आयकर अधिनियम के प्रावधानों के विरूद्ध जमा नहीं कराये गये थे। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि पी.ए.ओ. आकाशवाणी चेन्नई एवं कोलकाता ने 2000-01 में 72.86 लाख रू. के आयकर विभाग को लेखाओं के समय पर परिपूर्ण न होने के कारण कम प्रेषित किये गये। यद्यपि यह धनराशि परवर्ती महीनों में प्रेषित की गई थी।

(ii) 50.81 लाख रूपये आकाशवाणी के स्टाफ के मकान किराये/लाइसेंस शुल्क से सम्बन्धित थे। इसी खाते से 71.25 लाख रू. की प्राप्ति में से मुख्यालय को प्रेषित किए गए 20.44 लाख रूपये की धनराशि घटाने के बाद उपरोक्त देयता निकाली गई थी। क्योंकि यह देयता किसी भी बाहरी ऐजन्सी/पार्टी को भुगतान नहीं की जानी थी, 71.25 लाख रूपये की सम्पूर्ण राशि प्रसार भारती की आय के रूप में दर्शायी जानी चाहिए थी। इसके परिणामस्वरूप देयता 50.81 लाख रू. से अधिक दिखाई गई थी और आय 71.25 लाख रू. से कम दर्शाई गई थी। प्रसार भारती ने इसे भविष्य में अनुपालन के लिए नोट कर लिया (नवम्बर 2004)।

(iii) आय और व्यावसायिक कर सहित सरकार की ओर से वसूलियों से सम्बन्धित 18.93 लाख रू. सहित जो कि सरकारी खाते में प्रेषित होने थे निम्नलिखित पी.ए.ओ. द्वारा 31.3.2001 तक प्रेषित नहीं किये गयेः-

क्र.सं.	पी.ए.ओ. का नाम	देयता प्रभारित नहीं की गई (रूपये)
1.	पी.ए.ओ., आकाशवाणी, नई दिल्ली	49,13,310
2.	पी.ए.ओ., आकाशवाणी, लखनऊ	3,77,009
3.	पी.ए.ओ., आकाशवाणी, कोलकाता	11,11,93,747
4.	पी.ए.ओ., दूरदर्शन, गुवाहाटी	6,44,78,364
5.	पी.ए.ओ., दूरदर्शन, नागपुर	3,96,544
6.	पी.ए.ओ., आकाशवाणी, मुंबई	9,66,016
7.	पी.ए.ओ., एफ डी, मुंबई,	69,31,564
8.	पी.ए.ओ., दिल्ली दूरदर्शन, कोलकाता	30,952
	कुल	**18,92,87,506**

प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि सरकार की ओर से की गई 18.93 करोड़ की वसूलियां अनुवर्ती महीनों में सरकारी खाते में भेज दी गई थी।

(iv) सरकार की ओर से की गई वसूलियों के प्रेषण वसूलियों की राशियों से अधिक थे जिसके ब्यौरे नीचे दिए गए हैं। जो लेखाओं में गलत वर्गीकरण तथा प्राप्तियों/वसूलियों को लेखाबद्ध न करने को दर्शाती है। जिसके परिणामस्वरूप 3.18 करोड़ रू. की देयताएं कम दर्शाई गई।

(रू.)

पी.ए.ओ. का नाम	लेखा शीर्ष	प्राप्तियाँ	भुगतान	अन्तिम बकाया
पी.ए.ओ., दिल्ली दूरदर्शन, नई दिल्ली	ठेकेदार से आयकर	—	1,44,78,228	(-) 1,44,78,228
पी.ए.ओ., आकाशवाणी, चेन्नई	ठेकेदार से आयकर	—	13,33,550	(-) 13,33,550
पी.ए.ओ., दिल्ली दूरदर्शन, चेन्नई	सरकार की ओर से वसूलियाँ	11,72,00,080	12,88,94,606	(-) 1,16,94,526
पी.ए.ओ., आकाशवाणी, कोलकाता	ठेकेदार से आयकर	—	39,84,661	(-) 39,84,661
पी.ए.ओ. दिल्ली दूरदर्शन, कोलकाता	सरकार की ओर से वसूलियाँ	7,66,97,349	7,69,99,614	(-) 3,02,265
			कुल	**(-)3,17,93,230**

(घ) प्रावधानः शून्य रू.

(i) इसमें 4258.08 करोड़ रू. के सरकारी ऋण पर 7 प्रतिशत की दर से 298.07 करोड़ रू. का ब्याज शामिल नहीं था। यह मामला प्रसार भारती द्वारा सरकार के साथ माफ करने हेतु (अनुसूची 25 की टिप्पणी 5) आगे बढ़ाया गया है। अभी तक सरकार ने प्रसार भारती के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया है।

(ii) इसमें 139.30 करोड़ रू. के सरकारी ऋण पर 14.5 प्रतिशत के ब्याज की दर से 12.66 करोड़ रूपये का ब्याज शामिल नहीं था। इस ऋण को ब्याज मुक्त करने का प्रसार भारती का अनुरोध सरकार ने अभी तक (नवम्बर 2004) स्वीकार नहीं किया है।

2.2 परिसम्पत्तियाँ

2.2.1 अचल सम्पत्ति (अनुसूची 8) 4616.94 करोड़ रू.

प्रसार भारती के 31.3.2001 के तुलन पत्र में 4616.94 करोड़ रूपये मूल्य की परिसम्पत्तियाँ निम्नलिखित शीर्षों के अन्तर्गत दर्शायी गई है।

क्र.सं.	शीर्ष	राशि (रूपयों में)
1.	संयंत्र/मशीनरी एवं उपकरण	
	(क) प्रसारण स्थल	1535,96,07,467
	(ख) संचारी	2250,82,62,985
	(ग) अन्य	14,76,42,787
2.	वाहन	3,07,260
3.	फर्नीचर और फिक्सचर	63,68,069
4.	कार्यालय उपकरण	100,11,744
5.	अन्य अचल परिसम्पत्ति - विभिन्न योजनाओं पर पूँजीगत व्यय	813,71,79,165
	योग	**46,16,93,79,477**

सामान्य वित्तीय नियमों के अन्तर्गत, फार्म सा.वि.नि.19 में अनुरक्षित किये जाने वाले अपेक्षित कोई भी केन्द्रीय सम्पत्ति रजिस्टर प्रसार भारती द्वारा अनुरक्षित नहीं किये गये थे। सम्पत्ति रजिस्टर के अभाव में 4616.94 करोड़ रू. के मूल्य की सम्पत्ति की औचित्यता लेखापरीक्षा द्वारा सत्यापित नहीं की जा सकी। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि परिसम्पत्तियों की राशि में प्रसार भारती को 'स्थायी ऋण' के रूप में स्थानांतरित की गई परिसम्पत्ति भी शामिल है। जिसकी औचित्यता प्रोफार्मा लेखों के पूरे होने पर ही सत्यापित की जायेगी।

(ii) 31.3.2001 को समाप्त वर्ष के तुलन पत्र के साथ संलग्न अचल सम्पत्ति की अनुसूची 8 में निम्नलिखित लेखा शीर्षों के अन्तर्गत 4258.08 करोड़ रू. का अथ शेष दिखाया गया है।

क्र.सं.	लेखा शीर्ष	राशि (रूपयों में)
1.	प्रसारण कक्ष	14,49,69,92,000
2.	ट्रांसमीटर	20,45,87,25,000
3.	अन्य	14,33,54,000
4.	अन्य अचल परिसम्पत्ति पूँजीगत व्यय	7,48,17,31,000
	कुल	**42,58,08,02,000**

उपरोक्त परिसम्पत्तियाँ, मुख्य लेखा नियंत्रक के पत्र संख्या सी.सी.ए./आई.एण्ड बी./2002 दिनांक 3.9.02 द्वारा संघ सरकार के द्वारा स्थानांतरित परिसम्पत्तियों को दर्शाती है। वर्ष 1999-2000 के प्रोफार्मा लेखाओं के पूर्ण न हो पाने से आंकड़ों की औचित्यता लेखापरीक्षा द्वारा सत्यापित नही की जा सकी। प्रसार भारती ने सूचित किया (मार्च 2004) कि आकाशवाणी ने केवल 1993-94 तक और दूरदर्शन ने 1996-97 तक प्रोफार्मा लेखे पूरे कर लिए हैं। प्रसार भारती ने आगे बताया (नवम्बर 2004) की अथ शेषों की सत्यता प्रोफार्मा लेखें के सम्पूर्ण होने से सम्बंधित थी, अब प्रबन्धन समिति ने प्रोफार्मा लेखाओं को पूरे करने हेतु फरवरी 2005 तक समय लक्ष्य निर्धारित किया है।

(iii) अचल परिसम्पत्ति 4616.94 करोड़ रू.

उक्त में 31.3.2001 को समाप्त होने वाले वर्ष के प्रसार भारती के प्राप्ति और भुगतान लेखों के भुगतान पक्ष में भण्डार पर खर्चे शीर्ष के अन्तर्गत 51.46 लाख रूपये की ऋणात्मक प्रविष्टि का प्रभाव सम्मिलित है। उपरोक्त प्रविष्टि गलती से दर्ज हो गई थी और उसका विस्तृत विवरण निगम कार्यालय के पास उपलब्ध नहीं था। क्योंकि भंडार पर खर्चे शीर्ष के अंतर्गत 51.46 लाख रूपये की प्रविष्टि गलती से हो गई थी इसके फलस्वरूप तुलनपत्र में इसका तदनुरूपी प्रभाव यह हुआ कि अचल परिसम्पत्तियाँ 51.46 लाख से कम दर्शाई गई थी। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि इस विषय पर सम्बन्धित पी.ए.ओ. से गलती को सुधारने के लिए सम्पर्क किया गया है।

2.2.2 विविध देनदारः शून्य रू.

इसमें 31.3.2001 को विभिन्न पार्टियों से प्राप्य राशि सम्मिलित नहीं की गई जिसका विवरण यूनिट से एकत्रित नहीं किया गया और न ही एकीकृत/समेकित कर लेखा प्रस्तावों में दर्ज करके प्रसार भारती के अन्तिम लेखाओं में सम्मिलित किया गया था। प्रसार भारती द्वारा उपलब्ध कराई सेवाओं के बदले में विभिन्न पार्टियों से वसूली योग्य राशि परिकलित और लेखाओं में प्राप्ति योग्य के रूप में दर्शाई जानी चाहिये। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि क्योंकि लेखे रोकड़ आधार पर बनाए जा रहे थे, विभिन्न देनदारों को, लेखों पर टिप्पणी में शामिल किया जायेगा।

2.2.3 चालू परिसम्पत्तियां, ऋण और अग्रिम आदि (अनुसूची-11)

(क) चालू परिसम्पत्तियाँ - अनुसूचित बैंकों में शेष - चालू खातों में 66.11 करोड़ रूपये एवं संग्रहण खातों में: 2.08 करोड़ रू.

(i) वर्ष 2000-01 में प्रसार भारती द्वारा निम्नलिखित बैंक खाते परिचालित किये जा रहे थे। तथापि कारपोरेट मुख्यालय ने संबंधित लेखांकन अभिलेखे जैसे कि खातानुसार रोकड़ पुस्तक, लेखानुसार लेजर, दैनिकी पुस्तक, सामान्य खाता, लेखानुसार मासिक बैंक समाधान विवरणी आदि अनुरक्षित नहीं किये थे। बैंक समाशोधन नहीं किया गया था और असमाशोधित आंकड़े अन्तिम लेखों में शामिल कर दिये गये। निम्नलिखित बैंक खातों में शेषों के असमाशोधित और अपेक्षित लेखा रिकार्ड के अनुरक्षण न करने के तथ्यों को तुलनपत्र के साथ संलग्न, टिप्पणी के रूप में भी स्पष्टतया नहीं दर्शाया गया था।

क्र.सं.	बैंक का नाम	चालू खाता सं.	लेखे का नाम	संयुक्त रूप से परिचालित
1.	केनरा बैंक	1657	खेल लेखे (प्राप्ति लेखा)	जी.एम.(बी.और ए.)एवं जी.एम. (पी.)
2.	केनरा बैंक	1730	व्यय लेखा	जी.एम.(बी.और ए.)एवं जी.एम. (पी.)
3.	भारतीय स्टेट बैंक	578651	व्यय लेखा	जी.एम.(बी.और ए.)एवं जी.एम. (पी.)
4.	भारतीय स्टेट बैंक	01000503122	प्राप्ति लेखा	जी.एम.(बी.और ए.)एवं जी.एम. (पी.)
5.	भारतीय स्टेट बैंक	01000503120	प्राप्ति लेखा	जी.एम.(बी.और ए.)एवं जी.एम. (पी.)

प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि एस.बी.आई. में दो प्राप्तिलेखों के सम्बन्ध में बैंक समाशोधन कर लिया गया था। अन्य लेखों के सम्बन्ध में यह प्रगति में था।

(ii) बैंक शेष (क) अनुसूचित बैंकों में चालू खातों में 66.11 करोड़ रू.

(क) उक्त में प्रसार भारती के प्राप्ति एवं भुगतान लेखों में 'खेल लेखे' (सी.बी.-1657) शीर्ष के अन्तर्गत दर्शाये गये 8.16 करोड़ रूपये शामिल थे। इस (8.16 करोड़ रूपये) में 812500 यू.एस. डालर जो कि 3.71 करोड़ रूपये के बराबर है, शामिल है। प्रबंधकों ने उपरोक्त बैंक खातों में शेष का समाधान, प्राप्ति एवं भुगतान लेखों में दर्शाई गई राशि से नहीं किया था जिसके परिणामस्वरूप अन्तिम शेष में 3.09 करोड़ रू. का अन्तर आ गया, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:-

खेल लेखा शीर्ष के अंतर्गत लेखे के अनुसार अन्तिम बकाया (विदेशी मुद्रा में बकाया सहित)	रू. 8,15,74,854
बैंक विवरणी के अनुसार अन्तिम बकाया (विदेशी मुद्रा में बकाया सहित)	रू. 5,06,89,954
अन्तर	**रू. 3,08,84,900**

इस प्रकार 'खेल खाते' में अन्तिम बकाया को 3.09 करोड़ रूपये अधिक दर्शाया गया था। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि दूरदर्शन वाणिज्य सेवा ने 8.16 करोड़ रूपये के बकायों की पुष्टि कर दी है। उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि बैंक द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

(ख) इसमें पी.ए.ओ. आकाशवाणी, नई दिल्ली के 20 डी.डी.ओ. के बैंक खातों के व्यय के संबंध में बैंक शेषों के त्रुटिपूर्ण स्वीकृति के कारण 10.84 करोड़ रूपये शामिल नहीं थे जिसके परिणाम में

अनुसूचित बैंकों में चालू खातों में बैंक शेषों को उतना ही कम दर्शाया गया। पी.ए.ओ., आकाशवाणी, नई दिल्ली के क्षेत्राधिकार में आने वाले 85 डी.डी.ओ. में से किसी ने भी उनके द्वारा अनुरक्षित बैंक खाता के सम्बन्ध में बैंक समाधान विवरणी प्रस्तुत नहीं की थी। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि यह मामला पी.ए.ओ., आकाशवाणी के साथ पत्राचार के अधीन है।

(ख) अन्तिम शेष बैंक- अन्य कार्यालयः 132.60 करोड़ रूपये

बैंक द्वारा उपलबध कराये गये खाता विवरणी से पुस्तक में बैंक शेष की विशुद्धता को जाँचने हेतु किसी भी तिथि पर पास बुक के शेष के रोकड़ पुस्तिका के बैंक कालम में दर्शाये गये शेषों से आवश्यक रूप से मिलने चाहिए। प्रसार भारती ने अपने परिपत्र सं. पी.बी.(बी.)(i) डी.जी.एम. (बी.एण्ड ए.) दिनांक 20.3.01 द्वारा अनुदेश जारी किये थे तथा मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी को तैयार किये जाने एवं प्राप्ति एवं भुगतान लेखों के साथ भेजने की आवश्यकता पर जोर दिया था। लेखापरीक्षा द्वारा अवलोकित किया गया कि किसी भी वेतन एवं लेखा कार्यालय ने वर्ष 2000-01 की बैंक समाधान विवरणी प्रस्तुत नहीं की थी। इस कारण बैंक खाते में दर्शाये गये 132.60 करोड़ रू. के बैंक शेषों की औचित्यता को सत्यापित नहीं किया जा सका। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि सुधारात्मक उपाय किये जायेंगे।

(ग) चालू परिसम्पत्तियाँः बैंक शेष-(बी.) मुख्यालयों/डी.डी.ओ. से/को प्रेषित ट्रांजिट मेंः 19.11 करोड़ रू.

प्रसार भारती के वर्ष 31.3.2001 को समाप्त वर्ष के प्राप्ति एवं भुगतान लेखों के प्राप्ति पक्ष में अन्तिम शीर्ष के अन्तरण के लिए प्रतिक्षित प्राप्तियों की 1.40 करोड़ रूपये की ऋणात्मक रोकड़ राशि शामिल है। उपरोक्त शीर्ष के अधीन दर्शायी गयी (-)1.40 करोड़ रूपये की राशि निम्नलिखित पी.ए.ओ. से संबंधित है तथा निम्न प्रकार परिकलित की गयी हैः

पी.ए.ओ. का नाम	लेखा शीर्ष	राशि (रूपये)
पी.ए.ओ., आकाशवाणी, चेन्नई	डी.डी.एस. एंड डी. को भुगतान किये गये अग्रिम का समायोजन	(-) 1,53,56,010
पी.ए.ओ., आकाशवाणी, कोलकाता	-वही-	(+) 13,40,542
कुल		**(-) 1,40,15,468**

इस ऋणात्मक राशियों के निपटान न करने के परिणामस्वरूप चालू परिसम्पत्तियाँ को, मुख्यालय/डी.डी.ओ. को/से मार्गस्थ प्रेषण में 1.40 करोड़ रू. से अधिक दर्शाया गया था। तथापि प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि यह मामला संबंधित पी.ए.ओ. के साथ विचाराधीन है।

(घ) ऋण/अग्रिम-अन्यः 60.29 लाख रू.

इसमें अन्य दलों को अदा किये 59.93 लाख रू. के अग्रिम सम्मिलित थे जिसमें ऋणात्मक शेष शामिल थे। इसके परिणामस्वरूप 9.27 लाख रूपये के अग्रिमों को कम दर्शाया गया था। पी.ए.ओ. वार ऋणात्मक शेषों का विवरण नीचे दिया गया है:-

(रूपये)

क्र.सं.	पी.ए.ओ. का नाम	अदा किये गये अग्रिम	वर्ष के दौरान वसूली/समाधान	अन्त शेष
1.	पी.ए.ओ., आकशवाणी, चेन्नई	6,10,804	11,83,515	(-) 5,72,711
2.	पी.ए.ओ., आकाशवाणी, मुंबई	-	3,53,957	(-) 3,53,957
	कुल			(-) **9,26,668**

प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि दोनो पी.ए.ओ. को त्रुटियों का समाधान करने के लिए कहा जा रहा था।

(ड़) चालू परिसम्पत्तियाँ-बैंक बकाया-(क) अनुसूचित बैंकों के साथ-जमा खातों पर (केनरा बैंक): 64.48 करोड़ रू.

इसमें प्रसार भारती द्वारा केनरा बैंक में स्थायी जमाओं के रूप में निवेशित किये गये 43 करोड़ रूपये शामिल थे। प्रसार भारती 43 करोड़ रूपये के स्थायी जमा के संबंध में अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सकी और न ही इसने अर्जित ब्याज के ब्यौरे प्रस्तुत किये जिसके अभाव में खाते में 43 करोड़ रूपये के स्थायी जमा की लेखापरीक्षा में जाँच नहीं की जा सकी। इसके अतिरिक्त 43 करोड़ रूपये के निवेश पर अर्जित ब्याज के विवरण की अनउपलब्धता के कारण आय को कम बताने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। उक्त सावधि जमा प्रसार भारती के लेखाओं में निवेश के रूप में पृथक रूप से दर्शायी जानी चाहिए थी।

(च) ऋण/अग्रिम-उचन्त लेखाः 11.36 लाख रूपये (अनुसूची-11)

उपरोक्त राशि का वर्गीकृत ब्यौरा निम्न प्रकार था।

(रूपये)

क्र.सं.	पी.ए.ओ. का नाम	लेखा शीर्ष	प्राप्ति	भुगतान
1.	पी.ए.ओ., दिल्ली दूरदर्शन, नागपुर	अन्तरण प्रविष्टि का परिणाम	-	20,83,881/-
2.	-वही-	-वही-	9,48,085	-

उपरोक्त लेखांकन पी.ए.ओ., डी.डी., नागपुर द्वारा दोषपूर्ण समायोजन था। प्रसार भारती ने बताया (5.4.2004) कि यह मामला संबंधित पी.ए.ओ. के साथ विचारणीय है एवं इसका अन्तिम प्रत्युत्तर प्रतीक्षित है। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि 'पूर्व आवधिक मद' के अन्तर्गत 2003-04 की वित्तीय विवरणी में संशोधन किये जायेंगे।

3. आय एवं व्यय

3.1 व्यय

3.1.1 ब्याज-शून्य रू.

(i) संघ सरकार द्वारा स्वीकृत 4258.08 करोड़ रूपये का 'स्थायित्व में ऋण' पर 7 प्रतिशत की दर से 298.07 करोड़ रू. का ब्याज इसमें शामिल नहीं हैं। प्रसार भारती ने ब्याज को माफ कराने का मामला सरकार के साथ अनुसूची 25 के अंतर्गत टिप्पणी 5 के अनुसार उठाया है। जो कि अभी तक (नवम्बर 2004) सरकार द्वारा विचाराधीन है। इस मद के लिए लेखों में कोई प्रावधान नहीं किया

गया। इसके परिणामस्वरूप 298.07 करोड़ रू. की देयताओं की न्यूनोक्ति और 'आय पर अत्यधिक व्यय' की न्यूनोक्ति भी हुई।

(ii) संघ सरकार से प्राप्त 139.30 करोड़ रूपये के ऋण पर 14.5 प्रतिशत की दर से प्रोदभूत एवं देय 12.66 करोड़ का ब्याज इसमें शामिल नहीं था। प्रसार भारती का इस ऋण को ब्याज मुक्त करने के अनुरोध पर अभी तक (नवम्बर 2004) सरकार ने विचार नहीं किया है। इस मद के लिए लेखों में कोई प्रावधान नहीं है। इसके परिणामस्वरूप 12.66 करोड़ रूपये की देयताओं की न्यूनोक्ति और ' इसी सीमा तक आय पर अत्यधिक व्यय ' की न्यूनोक्ति भी हुई।

प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि पूँजी पर ब्याज को माफ करने का मामला मंत्रालय के साथ विचाराधीन है।

3.2 आय

केन्द्रीय सरकार - शून्य

3.2.1 अनुदान/परिदान (अनुसूची 13)

महालेखा-नियंत्रक द्वारा अनुमोदित आय एवं व्यय लेखा विवरणी के प्रोफार्मे के अनुसार संघ सरकार से प्राप्त सहायक अनुदान प्रसार भारती की आय के रूप में अभिलिखित होने अपेक्षित हैं। तथापि वर्ष के दौरान प्राप्त किये गये 962.30 करोड़ रूपये के सहायक अनुदान आय के बजाय संग्रह/पूंजीगत निधि के रूप में माने गये थे। जिसके परिणामस्वरूप 962.30 करोड़ रूपये की ' आय पर व्यय के आधिक्य ' की अत्युक्ति हुई। प्रसार भारती के लेखे में 542.32 करोड़ रूपये के ' आय से अधिक व्यय ' के बजाय 419.98 करोड़ रूपये को ' व्यय से अधिक आय ' के रूप में दर्शाया जाना चाहिये था। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि पूँजीगत प्राप्तियों को क्रेडिट करके संग्रह/पूँजीगत निधि में सीधे रूप से ले लिया गया था और इसे योगदान के प्रोत्साहक के रूप में माना गया था। तथापि आय और व्यय लेखों में दर्शाये गये घाटे को सरकारी अनुदान के प्रति समायोजित कर दिया गया था। प्रसार भारती का उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि सरकार से प्राप्त अनुदान, प्राप्ति के रूप में लेखाबद्ध किया जाना चाहिए।

4. प्राप्तियाँ एवं भुगतान

4.1 प्राप्तियाँ

4.1.1 अथ शेष - (क) मुख्यालय - बैंक - (iv) खेल लेखेः 40.34 करोड़ रूपये

वर्ष 2000-01 के बैंक अभिलेखों की समीक्षा से यह पता चला कि खेल लेखाओं के बैंक स्क्रोल में अन्तिम बकाया 41.91 करोड़ रूपये (34.49 करोड़ रूपये + 1625000 यू.एस. डालर की विदेशी मुद्रा 7.42 करोड़ रूपये) था, जबकि 31 मार्च 2001 को समाप्त वर्ष के लिये प्रसार भारती के प्राप्ति एवं भुगतान लेखे ने 40.34 करोड़ रूपये का अथ शेष दर्शाया था। इस प्रकार खेल लेखे से सम्बंधित प्रसार भारती का प्रारंभिक शेष 1.57 करोड़ रूपये से कम बताया गया था। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि बैंक समाधान प्रगति पर था।

4.1.2 अथ शेष - (ख) अन्य कार्यालयः (i) रोकड़ः 5.65 करोड़ रूपये

क्योंकि प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम 1990 के अधीन प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) की स्थापना की गयी थी, और 1.4.2000 से इसने कार्य करना शुरू किया, 1.4.2000 को निगम तथा इसकी इकाईयों के पास आरम्भिक रोकड़ बकाया नहीं था। प्रसार भारती ने वर्ष 2000-01 के प्राप्ति एवं व्यय लेखाओं में नोट के द्वारा यह बताया कि कुछ डी.डी.ओ. ने गलती से सरकारी लेखों के अन्तिम बकायों को आरम्भिक बकाया के रूप में ले लिया था और यह मामला पी.ए.ओ. के साथ विचाराधीन था। इस प्रकार 1.4.2000 को सरकारी लेखों के अन्तिम रोकड़ बकाया को आरम्भिक बकाया के रूप में गलत दिखाने के परिणामस्वरूप आरम्भिक रोकड़ बकाया 5.65 करोड़ रूपये अधिक दर्शाया गया था। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि यह मामला पी.ए.ओ. के साथ पत्राचारित था।

4.2 भुगतान

4.2.1 मुख्यालय और अन्य कार्यालयों के मध्य हस्तांतरणों के कारण बकायाः (ii) डी.डी.ओ.(निर्गम): 13.99 करोड़ रूपये

वर्ष 2000-01 के दौरान प्रसार भारती के बजट अनुभाग द्वारा निगम मुख्यालय से बाहर स्थित विविध बाहरी ईकाइयों को जारी राशि तथा निगम मुख्यालय को सूचित एवं बाहरी कार्यालयों द्वारा दर्ज की गई वास्तविक प्राप्तियों का समेकित योग एवं निगम मुख्यालय को सूचित की गई वापसियों का निवल अन्तर था। यह देखा गया कि उपरोक्त अन्तर को निगम मुख्यालय द्वारा समाशोधित नहीं किया गया था जिसके अभाव के कारण प्राप्ति एवं भुगतान लेखे में दर्शाये गये आंकड़ों की औचित्यता की लेखापरीक्षा में जाँच नहीं की जा सकी। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि प्रत्येक वर्ष के मार्च माह के अंतिम समय पर जारी निधियों को आगामी माह में बैंक द्वारा जमा किये जाने के परिणामस्वरूप बाहरी इकाईयों तथा मुख्यालय की पुस्तकों के मध्य अन्तर आ गया था। यह होना स्वाभाविक था। हालांकि 'पारगमन में प्रेषण शीर्ष' के अन्तर्गत शेष आगामी वर्ष में कम किये गये थे।

4.2.2 मुख्यालय और अन्य कार्यालयों के मध्य स्थानान्तरण के कारण बकायाः (iii) प्राप्ति लेखाः 6.25 करोड़ रूपये

यह सभी क्षेत्रीय इकाईयों द्वारा वास्तविक रूप से प्राप्तियों के रूप में लेखाबद्ध की गई राशियों तथा निगम मुख्यालय को सूचित तथा प्राप्ति लेखे में पायी गयी प्रेषित राशियों का शुद्ध अन्तर है। प्रसार भारती के लेखे की संवीक्षा के दौरान यह अवलोकित किया गया था कि इस अन्तर का समाधान निगम मुख्यालय द्वारा क्षेत्रीय इकाईयों के साथ नहीं किया गया था, जिसके अभाव में प्राप्ति तथा भुगतान लेखे में दर्शायी गयी राशियों की शुद्धता को लेखापरीक्षा में सत्यापित नहीं किया जा सका। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि प्रति वर्ष मार्च माह के बिल्कुल अन्त में जारी निधियाँ, अनुवर्ती माह में बैंक द्वारा क्रेडिट की गई थी जिसके परिणामस्वरूप मुख्यालय की पुस्तकों तथा क्षेत्रीय इकाइयों की पुस्तकों में अन्तर आ गया था। यह होना स्वाभाविक ही था। तथापि, 'मार्गस्थ प्रेषण' शीर्ष के अन्तर्गत शेष अनुवर्ती वर्ष में कम कर दिये गये थे।

4.2.3 पी.ए.ओ., आकाशवाणी, लखनऊ के प्राप्ति एवं भुगतान लेखाओं में 3 लाख रूपये का अन्तर

प्रसार भारती के लेखों की जाँच करने पर पी.ए.ओ., आकाशवाणी, लखनऊ के 31.3.2001 को समाप्त वर्ष के प्राप्ति एवं भुगतान लेखों में 3 लाख रूपये का अन्तर प्रत्यक्ष रूप से सामने आया। पी.ए.ओ. का कुल प्रातियाँ एवं भुगतान निम्नलिखित है:-

(राशि रूपये में)

पी.ए.ओ. द्वारा सूचित की गई कुल प्राप्तियाँ	32,96,91,102
पी.ए.ओ. द्वारा सूचित किये गये कुल भुगतान	32,93,91,202
अन्तर	**2,99,900**

प्रसार भारती ने बताया (अप्रैल 2004) कि यह अन्तर पी.ए.ओ. आकाशवाणी, लखनऊ से चर्चा के बाद 'कार्यक्रम सेवा' शीर्ष के अन्तर्गत दर्ज किया गया था। जब उन्होने दूरभाष पर बताया कि यह राशि 'कार्यक्रम सेवा' से संबंध रखती है। पी.ए.ओ. से तदनुसार रिकार्ड संशोधित करने का अनुरोध किया गया था। प्रसार भारती ने उपरोक्त परिशोधन के समर्थन में, लेखापरीक्षा की तिथि तक पी.ए.ओ. से संशोधित लेखा/अन्तरण प्रविष्टि प्राप्त नहीं की थी।

4.2.4 बैंक लेखों का न दर्शाया जाना - प्रसार भारती के लेखे में पृथक आय लेखा और व्यय लेखा

प्रसार भारती के अधिकार के अन्तर्गत आने वाले सभी आहरण एवं वितरण अधिकारीयों (डी.डी.ओ.) से निधियों के प्रबंधन हेतु दो पृथक बैंक लेखे अर्थात् प्राप्ति लेखे एवं व्यय लेखे अनुरक्षित करने अपेक्षित हैं। डी.डी.ओ. (वाणिज्यिक और गैरवाणिज्यिक दोनों) की सभी प्राप्तियाँ प्राप्ति लेखे में जमा की जाती है जो अन्ततः निगम मुख्यालय पर अनुरक्षित प्राप्ति लेखे में प्रेषण हो जाती है। प्रसार भारती द्वारा डी.डी.ओ. को जारी अनुदान व्यय लेखे में जमा किया जाता है एवं सभी भुगतान उसी से किये जाते हैं। तथापि 31.3.2001 को समाप्त वर्ष के लिए प्रसार भारती के लेखाओं की समीक्षा करने के दौरान ज्ञात हुआ कि क्षेत्रीय इकाईयों के व्यय लेखाओं एवं प्राप्तियों के अन्तर्गत दिये गये बैंक बकाया लेखाओं में पृथक रूप से नहीं दर्शाये गये थे। इसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष की समाप्ति पर उपलब्ध लेखाओं में बकायों की लेखापरीक्षा में जाँच नहीं की जा सकती। प्रसार भारती इन लेखाओं में दी गई राशि का पी.ए.ओ. अनुसार वर्गीकरण भी प्रस्तुत नहीं कर सकी। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि भविष्य में अनुपालन हेतु टिप्पणियाँ नोट कर ली गई हैं।

4.2.5 अन्तिम बैंक बकाया - आकाशवाणी की प्राप्तियाँ: 1.49 करोड़ रूपये

प्रसार भारती ने उपरोक्त लेखे के सम्बन्ध में न तो रोकड़ पुस्तिका तैयार की और न ही बैंक नियमावली उपलब्ध कराई। इसके परिणामस्वरूप 'आकाशवाणी प्राप्ति लेखा' शीर्ष के अन्तर्गत दर्शाये गये 1.49 करोड़ रूपये के अन्तिम बकायों की औचित्यता की लेखापरीक्षा में जाँच नहीं की जा सकी।

4.2.6 अन्तिम बकाया - बैंक - डी.डी. प्राप्ति लेखेः 59.46 लाख रूपये

प्रसार भारती ने न तो रोकड़ पुस्तिका तैयार की और न ही बैंक नियमावली उपलब्ध कराई इसके परिणामस्वरूप ' डी.डी. प्राप्ति लेखे ' शीर्ष के अंतर्गत दर्शाये गये 59.46 लाख रूपये के अन्तिम बकाया की औचित्यता की लेखापरीक्षा में जाँच नहीं की जा सकी।

5. सामान्य

(i) प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम 1990 के अनुच्छेद 3(4) के अनुसार, प्रसार भारती बोर्ड में कार्यकलाप, निर्देशन एवं प्रबंधन सामान्य पर्यवेक्षण निहित किये जाते हैं, और इस प्रकार की सभी शक्तियां और सभी कार्य क्रियान्वित एवं परिपूर्ण किये जाते हैं, जो प्रसार भारती द्वारा इस अधिनियम के अधीन किये जायेंगे।

लेखापरीक्षा के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रसार भारती के पास लेखाशास्त्र नियमावली नहीं थी और न ही आंतरिक नियंत्रण कार्यप्रणाली के स्पष्टता कागजात थे, जिनसे सहयोगी अभिशासन की कार्यकुशलता लागत सुनिश्चित होती है।

(ii) सा.वि.नि. के नियम 116(1) के अनुसार परिसम्पत्ति का प्रत्यक्ष सत्यापन वर्ष में एक बार होना चाहिए परन्तु प्रसार भारती के पास बाहरी इकाईयों द्वारा परिसम्पत्तियों के प्रत्यक्ष सत्यापन की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं थी। परिसम्पत्ति के प्रत्यक्ष सत्यापन की जानकारी की अनुपस्थिति में, लेखों में परिसम्पत्ति के मूल्य की लेखापरीक्षा में जाँच नहीं की जा सकी। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि बाहरी इकाइयों की परिसम्पत्ति के अभिरक्षक को वर्तमान प्रबन्धन अनुसार प्रत्यक्ष सत्यापन आयोजित करने के लिए प्राधिकृत किया गया है तथा वर्तमान में परिसम्पत्ति रजिस्टर में उसी प्रकार से किया जा रहा है। यद्यपि प्रसार भारती ने इस लेखे पर वार्षिक रिपोर्ट अभिप्रेत पायी और यह आश्वासन दिया कि भविष्य में लेखा टिप्पणी में यह परिलक्षित किया जायेगा।

(iii) प्रसार भारती कोई भी पुरानी और अनुपयोगी परिसम्पत्तियों के ना होने के बारे में कोई प्रमाण-पत्र न दे सकी। परिणामस्वरूप 4616.94 करोड़ रूपये के मूल्य की स्थायी परिसम्पत्तियों की औचित्यता लेखापरिक्षा में जाँची नहीं जा सकी। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) कि कार्यालयों के प्रधानों को अपनी प्रतिबंधित शक्तियों के अन्तर्गत भण्डार की पहचान करके निपटान करने की शक्तियाँ दी गई हैं। यद्यपि तथ्य यह है कि प्रसार भारती ने ऐसी कोई रिपोर्ट/प्रमाण-पत्र नहीं दिया जिससे यह साबित होता है कि कार्यालयों के प्रधानों के पास कोई भी पुरानी/अनुपयोगी परिसम्पत्ति है।

6. आन्तरिक लेखापरीक्षा

प्रसार भारती ने, जिसके पास कई करोड़ मूल्य की निधियाँ/परिसम्पत्तियाँ हैं जिसके लेन-देन का क्रियाकलाप 600 डी.डी.ओ. और 12 पी.ए.ओ. के द्वारा अन्तरित किया जाता है, नियमित अन्तराल पर इन इकाइयों के लेखे/रिकार्ड की समीक्षा करने के लिए आन्तरिक लेखापरीक्षा खण्ड नहीं बनाया है। जिससे इनकी वित्तीय क्षमता एवं प्रभावी सहयोगी अभिशासन की क्षमता प्रभावता सुनिश्चित हो सके। प्रसार भारती ने बताया (नवम्बर 2004) आन्तरिक लेखापरीक्षा को क्रियान्वित करने हेतु मंत्रालय से अतिरिक्त कार्यबल की माँग की गई है।

7. लेखाओं का स्वरूप

विशेष लेखाकरण प्रणाली (अनुसूची 24)

रोकड़ आधार पर वित्तीय विवरणी को तैयार करने के संबंध में लेखाकरण प्रणाली नं.1 को संदर्भित किया जाता है। प्रसार भारती की प्रणाली का सामान्यता ग्रहण किये गये लेखाकरण सिद्धान्तों के साथ सामंजस्य नहीं है। साथ ही साथ भारत सरकार, वित्त मंत्रालय द्वारा केन्द्रीय स्वायत्त निकाय के लिए निर्धारित लेखों का समान स्वरूप, लेखाओं की संभूति प्रणाली पर भी आधारित है।

8. इकाईयों के अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये गये

दूरदर्शन वाणिज्यिक सेवा नई दिल्ली के लेखाओं के अभिलेख लेखापरीक्षा को उपलबध नहीं कराए गये। 65 डी.डी.ओ. के प्राप्ति एवं भुगतान के समेकित अभिलेखों से सम्बंधित रिकार्ड पी.ए.ओ. दूरदर्शन सूचना भवन, नई दिल्ली के पास उपलब्ध नहीं थे।

प्रसार भारती निगम मुख्यालय,आकाशवाणी खण्ड और दूरदर्शन खण्ड द्वारा वर्तमान में प्रयोग किये जा रहे कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर से संबंधित वर्ष के दौरान विवरण, लेखापरीक्षा को नहीं दिखाए गए। इसके परिणामस्वरूप इस पक्ष की लेखापरीक्षा में जाँच नहीं की जा सकी।

9. लेखाओं पर लेखापरीक्षा टिप्पणियों का प्रभाव

उपरोक्त पैराग्राफों में की गई टिप्पणियों का निवल प्रभाव यह रहा कि 31.3.2001 को परिसम्पत्तियाँ 2.88 करोड़ रू. से कम दिखाई गई थी। 317.60 करोड़ रूपये की देयताओं की न्यूनोक्ति हुई एवं 652.29 करोड़ रूपये की आय पर अत्यधिक व्यय की अत्योक्ति हुई।

स्थानः- नई दिल्ली
दिनांकः- 12.5.05

महानिदेशक, लेखापरीक्षा
केन्द्रीय राजस्व

लेखापरीक्षा प्रमाण पत्र

मैंने प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) नई दिल्ली के 31 मार्च 2001 को समाप्त वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान लेखे/आय एवं व्यय लेखे तथा 31 मार्च 2001 के तुलन पत्र की जाँच कर ली हैं। मैंने, दूरदर्शन वाणिज्यिक सेवा, नई दिल्ली के अभिलेखों के लेखाओं तथा 65 डी.डी.ओ के प्राप्तियों एवं भुगतानों को समेकन से सम्बंधित अभिलेखों के अतिरिक्त, सभी सूचना एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं, तथा लेखाओं के साथ संलग्न तथा उनके भाग के रूप में स्पष्टीकरणों एवं संलग्न लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में दी गई अभ्युक्तियों के अधीन रहते हुए, जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित मुख्य लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ हैं:

- ऋणात्मक बकायों के सम्मिलित होने के फलस्वरूप 7.39 करोड़ रूपये की चालू देयताओं की न्यूनोक्ति हुई {पैरा 2.1.1.क, ख एवं ग (iv)};
- आकाशवाणी मुख्यालय के किराया/लाइसेंस फीस प्राप्ति के गलत निरूपण के कारण 71.25 लाख रूपये की आय न्यूनोक्ति और 50.85 लाख रूपये की देयताओं की अत्युक्ति हुई {पैरा 2.1.1 ग (ii)};
- 72.86 लाख रूपये एवं 18.93 करोड़ रूपये के आयकर देयताओं की निकासी नहीं हुई {पैरा 2.1.1 ग (i) एवं (iii)};
- सरकारी ऋण पर 298.07 करोड़ रूपये के ब्याज का कोई प्रावधान नहीं होना (पैरा 2.1.1 घ);
- केन्द्रीय परिसम्पत्ति रजिस्टर का रखरखाव न किया जाना {पैरा 2.2.1(i)};
- बैंक शेषों का समेकन न किया जाना (पैरा 2.2.3);
- 962.30 करोड़ रूपये के समग्र अनुदान के पूँजीकरण के कारण आय की न्यूनोक्ति (पैरा 3.2.1);
- लेखा प्रणाली सं. 1 का सामंजस्य सामान्य ग्राह्य लेखा नियमों के अनुसार न होना (पैरा 7);

अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर मैं प्रमाणित करता हूँ कि यह लेखे और तुलन पत्र उचित प्रकार से तैयार नहीं किए गये तथा मेरी राय में, मुझे दिये गये तथा प्रसार भारती के अभिलेखों में दर्शाये गये सूचना एवं स्पीष्टीकरणों के अनुसार ये प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) के कार्यकलापों का सही एवं उचित रूप प्रस्तुत नहीं करते हैं।

स्थानः- नई दिल्ली
दिनांकः- १२.५.०५

महानिदेशक, लेखापरीक्षा
केन्द्रीय राजस्व

प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) 31.03.2001 को तुलन पत्र

कार्पस/पूंजीगत निधि और देनदारियां	अनुसूची संख्या	रू0 31.03.2001 को
कापर्स/पूंजीगत निधि	1	1163324448
रिजर्वस् और अधिशेष	2	0
उद्दिष्ट/अक्षय निधि	3	3588577477
सुरक्षित कर्जे	4	0
असुरक्षित कर्जे	5	43973802000
आस्थागित जमा देनदारियां	6	0
वर्तमान देनदारियां एवं शर्तें	7	329888462
कुल योग		49055592387
परिसंपत्तियां		
नियत परिसंपत्तियां	8	46169379477
चालू पूंजीगत कार्य	8	0
निवेश (1) उद्दिष्ट/अक्षय निधि	9	0
(2) अन्य	10	0
वर्तमान परिसंपत्तियां ,कर्जे,अग्रिम	11	2886212910
विविध व्यय		
योग		49055592387

महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	24	
आकस्मिक देनदारियां और लेखा टिप्पणियां	25	

के. एस. शर्मा

ह.

ह.

के0एस0सर्मा सी0ई0ओ0	एस0 सुन्द्रेसन सदस्य (वित्त)	एम0श्रीधरन महाप्रबन्धक (बी एण्ड ए0)

स्थान : नई दिल्ली

प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम)
वर्ष 2000-01 के लिए आय और व्यय लेखा

	अनुसूची संख्या	रुपए 31.03.2001 को समाप्त वर्ष के लिए
आय		
बिक्री और सेवा से आय	12	6239780013
अनुदान/आर्थिक सहायता	13	-
फीस/अंशदान	14	-
निवेश से आय (उद्दिष्ट/अक्षय निधियों से हस्तांतरित निधि से आय)	15	-
रायल्टी,प्रकाशन इत्यादि से आय	16	-
अर्जित ब्याज	17	35281902
अन्य आय	18	-
तैयार सामान और कार्यप्रगति पर है से संबंधित बढ़ोत्तरी/(घटोत्तरी)	19	-
योग -क		6275061915
व्यय		
स्थापना व्यय	20	10119353731
कार्यक्रमों से संबंधित व्यय	21	1578967662
अनुदान/आर्थिक सहायता पर व्यय	22	-
ब्याज	23	0
मूल्य ह्रास		0
योग-ख		11698321393
आय से अधिक व्यय के अन्तर का शेष (क-ख)	(-)	-5423259478
मूल्य ह्रास का शेष जो कार्पस/पूंजीगत निधि में ले जाया गया	(-)	-5423259478
मुख्य लेख नीतियाँ	24	
आकस्मिक देनदारियाँ और लेखा टिप्पणियाँ	25	

के. एस. सर्मा	ह.	ह.
के0एस0 सर्मा	एस0सुन्दरेसन	एम0श्रीधरन
सी0ई0ओ0	सदस्य (वित्त)	महाप्रबन्धक (बी0एण्ड ए0)

प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम)
31.03.2001 के तुलन पत्र निर्माण की अनुसूचियाँ

अनुसूची-1-कार्पस/पूंजीगत निधि:

	जैसा दिनांक 31.03.2001 को
वर्ष के प्रारंभ में शेष(लेखा टिप्पणियों की अनुसूची -25 टिप्पणी-3 देखें)	552112508
जमा: वर्ष के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार से प्राप्त सहायक अनुदान (योजना)	709600000
जमा: वर्ष के दौरान, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त सहायक अनुदान (गैरयोजना)	8899362695
जमा: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों से प्राप्त सहायक अनुदान (लेखा टिप्पणियों की अनुसूची -25 टिप्पणी-4 देखें)	14086200
घटाव : पूंजीगत आस्तियाँ निधि को हस्तान्तरण	3588577477
घटाव : आय और व्यय लेखा से हस्तांतरित निवल व्यय में शेष	-5423259478
वर्ष के अंत में शेष	1163324448

अनुसूची 2-आरक्षित एवं अधिशेष

1. पूंजीगत आरक्षित	
अन्तिम लेखे के अनुसार	
वर्ष के दौरान शामिल	0
	0
2. सामान्य आरक्षित	
अन्तिम लेखे के अनुसार	0
वर्ष के दौरान शामिल	0
घटाव : वर्ष के दौरान घटाव	0
	0

प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम)
31.03.2001 के तुलन पत्र निर्माण की अनुसूचियाँ

अनुसूची-3 उददिष्ट/अक्षय निधियाँ

पूंजीगत परिसम्पत्तियां/निधियाँ	
क- निधियों का अथ शेष	
ख- निधियों में जमा : पूंजीगत व्यय/अग्रिम खर्च के लिए कार्पस/पूंजीगत निधि से हस्तांतरित राशि	3588577477
वर्ष के अन्त में निवल शेष (क+ख)	35885774777

अनुसूची-4 सुरक्षित कर्जे और उधार

	0
	0

अनुसूची 5- असुरक्षित कर्जे

1. शाश्वत कर्जे	
इनके ब्याज को माफ कराना (अनुसूची 25-लेखा टिप्पणियों की टिप्पणी-5 देखें)	42580802000
2. केन्द्र सरकार	
प्रौदभूत और देय ब्याज (अनुसूची-25 लेखा टिप्पणी-6 देखें)	1393000000
योग (टिप्पणी: एक वर्ष में देय राशी (शून्य)	43973802000

अनुसूची-6 आस्थगित देनदारियाँ:

	0

अनुसूची-7 वर्तमान देनदारियां और उपबंध

क- वर्तमान देनदारियाँ	
प्राप्त अग्रिम निक्षेप कार्य के बदले	150298817
निक्षेप, बयाना, अवधान दृव्य/प्रतिभूति जमा	9619663
अन्य वर्तमान देनदारियाँ-देय वेतन और मजदूरी	169969982
प्रौदभूत व्यय,देय लाईसेन्स फीस, देय पूंजीगत व्यय आदि	
अन्तर्कार्यालय संचालन लेखा	
योग-क	329888462
ख- उपबन्ध	
योग ख	
योग क+ ख	329888462

प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम)
31.03.2001 के तुलन पत्र निर्माण की अनुसूचियाँ

अनुसूची-8 नियत परिसम्पत्तियाँ

विवरण	सकल ब्लाक				मूल्य ह्रास		नेट ब्लाक
	1.4.00 को लागत	वर्ष के दौरान सिविल विन्ग से परिवर्धन हस्तांतरण	वर्ष के दौरान कटौती/ हस्तांतरण पुनः वर्गीकरण	वर्ष के अन्त में लागत	वर्ष के लिए	वर्ष तक संचयी	31.03.2001 को
अ-नियत परिसम्पत्तियाँ							
1. भूमि							
2. भवन आदि							
